**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in


GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 21.09.2019**

**THE TRIBUNE**

# EDUCATION NOTES



## VARSITY STARTS EXPERT LECTURE SERIES

**Faridabad:** To expand international relations of the university in educational, technical and cultural domains, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has started an expert lecture series by inviting people of international repute to share their views on academic issues. As a part of the initiative, an expert lecture on the topic of 'Self-Rejuvenating and Confidence-Building Session for 21st Century Professionals' was conducted by Nupur Tewari, an internationally acclaimed healer and motivational speaker from the Heal Tokyo organisation here recently. She put students on the self-development path through sessions on stress management, self-realisation etc.


The Tribune Sat, 21 September 2019
https://epaper.tribuneindi

**NEWS CLIPPING: 21.09.2019**

**PUNJAB KESARI**

## विद्यार्थियों ने खेल-खेल में सीखे तनाव मुक्त रहने के जापानी तौर-तरीके

# 'भारत और जापान के लोगों की मुख्य समस्या शिक्षा और काम का तनाव'

फरीदाबाद, 20 सितम्बर (ब्यूरो): अकादमिक, तकनीकी और सांस्कृतिक क्षेत्र में विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों का विस्तार करने के लिए उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने अंतरराष्ट्रीय ख्याति के लोगों को शैक्षणिक मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण साझा करने के लिए आमंत्रित करने के लिए विशेषज्ञ व्याख्यान श्रृंखला की शुरूआत की है। विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मामले प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इस पहल के अंतर्गत, जापान के हील टोक्यो संगठन से अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता तथा आरोग्य साधक के रूप में पहचान रखने वाली नूपुर तिवारी ने '21वीं सदी के युवाओं के लिए आत्म-कायाकल्प तथा आत्मविश्वास की आवश्यकता' विषय पर तीन दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया। व्याख्यान के दौरान नूपुर तिवारी, जो एक प्रसिद्ध योग विशेषज्ञ और प्रशिक्षक भी हैं, ने तनाव प्रबंधन, आत्म-साक्षात्कार, आत्म-अनुशासन, आत्म-प्रेरणा, काम करने के जापानी तौर-तरीके से अवगत करवाया तथा उन्होंने तनाव पर सत्रों के माध्यम से आत्म-विकास सुदृढ़ करने के लिए टिप्स दिए। नूपुर ने तनाव मक्ति के साथ-साथ जापानी खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों के कौशल विकास तथा परस्पर सहयोग की भावना को बढ़ाने में मदद करने वाले तौर-तरीकों के बारे में भी बताया। नूपुर ने बताया कि वह टोक्यो में अपना हील टोक्यो प्रोजेक्ट चलाती हैं, जहाँ वे कंपनियों, सार्वजनिक स्थानों, विश्वविद्यालय परिसरों और अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में योग सिखाती हैं, और जापान में विभिन्न स्थानों पर प्रतिभागियों के लिए नि:शुल्क प्रेरक सत्र आयोजित करती हैं। उन्होंने बताया कि हील टोक्यो जापान और भारत में लोगों की मुख्य समस्याओं जोकि शिक्षा और काम का तनाव है, पर ध्यान केंद्रित करने वाला एक सामाजिक रूप से प्रेरित आंदोलन है और यह तनाव की समस्या को दूर करने का एक अनूठा तरीका है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने छात्रों के लाभ के लिए प्रेरक सत्र आयोजित करने और उनके आत्मविश्वास का निर्माण करने की नूपुर तिवारी की पहल की सराहना की। सत्र के आयोजन में टीईक्यूआईपी-3 निदेशक, प्रो. विक्रम सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि डॉ. शिल्पा, डॉ. राजीव साहा, डॉ. ममता कथूरिया, डॉ. सपना तनेजा और उमेश कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय मामले प्रकोष्ठ की ओर से इस गतिविधि का सफलतापूर्वक समन्वय किया।



*विद्यार्थियों को जापानी खेल एवं तकनीकी द्वारा तनाव मुक्ति पर व्याख्यान प्रस्तुत करती नुपूर तिवारी।*

पंजाब केसरी ई-पेपर Sat, 21 September 2019 https://epaper.punjabkesari.in/c/43845865

**NEWS CLIPPING: 21.09.2019**

**HINDUSTAN**

# जापानी तकनीक से तनाव मुक्त हों

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को शैक्षणिक मुद्दों पर तीन दिवसीय व्याख्यान कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें 21वीं सदी में आत्म-कायाकल्प और आत्मविश्वास पर चर्चा हुई। विश्वविद्यालय के छात्रों को तनाव से मुक्ति के लिए जापानी खेल तकनीक को बताया गया। योग, तनाव प्रबंधन, आत्म-साक्षात्कार, आत्म-अनुशासन, आत्म-प्रेरणा, काम करने के लिए जापानी तौर-तरीके के विषय में बताया। **(कासं)**

**NEWS CLIPPING: 21.09.2019**

**DAINIK BHASKAR**

# भारत व जापान के लोगों की मुख्य समस्या तनावः नूपुर

**भास्कर न्यूज | फरीदाबाद**



जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता नूपुर तिवारी ने '21वीं सदी के युवाओं के लिए आत्म-कायाकल्प तथा आत्मविश्वास की आवश्यकता' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने तनाव प्रबंधन, आत्म साक्षात्कार, आत्म अनुशासन, आत्म प्रेरणा, काम करने के जापानी तौर तरीके से छात्रों को अवगत कराया। उन्होंने आत्म विकास सुदृढ़ करने के लिए टिप्स भी दिए। नूपुर ने तनाव मुक्ति के साथ-साथ जापानी खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों के कौशल विकास तथा परस्पर सहयोग की भावना को बढ़ाने में मदद करने वाले तौर-तरीकों के बारे में भी बताया। व्याख्यान में बीटेक और एमटेक के छात्रों ने भी भाग लिया। सभी खुद को प्रेरित और आनंदित महसूस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जापान और भारत में लोगों की मुख्य समस्या शिक्षा और काम का तनाव है। इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।